//शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन//

शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय द्वारा दिनांक 12/09/2018 एवं 13/09/2018 को दो दिवसीय परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के बैडमिन्टन हॉल में किया गया जिसमे पुरुष एव महिलाओं की 7 टीमों शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव, शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी, शासकीय महाविद्यालय गण्डइ, शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगढ़ शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनादगांव, शासकीय महाविद्यालय कवर्धा एवं शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह न अपने उद्बोधन में खिलाडियों को शासन द्वारा दी जा रही खेल सुविधाओं से अवगत कराया साथ ही खेलों में अधिक से अधिक संख्या म भाग लेने हेतु छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के पयवेक्षक डॉ. बी.के. देवांगन (सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र) थे। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी श्री पी.के. हरी, क्रीड़ाअधिकारी श्री परेशवर्मा, श्री अरुणचौधरी, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, श्रीमती अनिता पौशार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. एच.एस. भाटिया, श्री सुरेश पटेल, श्री एस.के. उके एवं रामू पाटिल एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं मौजूद थे। महिला वर्ग के अंतर्गत खेले गये मैच में शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय ने अम्बागढ़ चौकी को 2–0 से हराया। दूसरे मैच में शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगांव ने विज्ञान महाविद्यालय को 2–0 से हराया।पहले सेमीफाइनल मे दिग्विजय महाविद्यालय ने डोंगरगांव को 2–0 से पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मे दिग्विजय महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डोंगरगढ़ महाविद्यालय को 2–1 से परास्त कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग के प्रथम मैच में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने विज्ञान महाविद्यालय को 2–0 से परास्त किया दूसरे मैच में डोंगरगांव ने अम्बागढ़ चौकी को 2–0 से परास्त किया। तीसरा मैच शासकीय महाविद्यालय, कवर्धा एवं शासकीय गण्डई के बीच हुआ जिसमें शासकीय महाविद्यालय, कवर्धा की टीम 2–0 से विजयी होकर सेमीफाईनल में अपना स्थान बनाया प्रथम सेमीफाईनल मे दिग्विजय महाविद्यालय ने डोंगरगांव महाविद्यालय को 2–1 से परास्त किया एवं दूसरे सेमीफाईनल में शासकीय महाविद्यालय डोंगरगढ़ ने शासकीय महाविद्यालय, कवर्धाको 2–1 से परास्त किया । फाईनल में बहुत ही रोमांचक मैच में शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगढ़ ने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय को पराजित किया।

विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया । उक्त जानकारी शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय की क्रीड़ाअधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने दी।

परिक्षेत्र स्तरीय
बैडमिन्टन प्रतियोगिता

परिक्षेत्र स्तरीय
बैडमिन्टन प्रतियोगिता

परिक्षेत्र स्तरीय
बैडमिन्टन प्रतियोगिता